तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 अवैध कनेक्शन, बिजली चोरों को स्मार्ट करंट



12 पोते-पोतियों के साथ दादा-दादी भी बच्चे बने, तरह...



## खबर संक्षेप

### नल ऑपरेटर से मारपीट अर्जुंदा थाने में मामला दर्ज

**बालोद।** रात में टंकी का पानी चेक करने गए नल ऑपरेटर के साथ बेदराम पटेल द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पर अर्जुन्दा थाने में धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत बासीन के भृत्य तथा नल ऑपरेटर चन्द्रकुमार साहू ने बताया कि 20 फरवरी की रात स्कूल पारा बासीन में स्थित पानी टंकी को देखने गया था। उसी समय गांव का बेदराम पटेल मेरे पास आया और बोला कि कहां गये थे, तो मैं बोला कि पानी टंकी में पानी भरा है, कि नहीं चेक करने गया था, तो बेदराम पटेल मेरे घर में नल कनेक्शन नहीं लगा है, तो तुम पानी मोटर क्यों चालू कर रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की।

### महिलाओं से मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम खल्लारी में 3 लोगों ने 4 महिलाओं की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार कुंवर बाई यादव ने जानकारी दी है कि 19 फरवरी को रात खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। इस दौरान चोवेन्द्र कुमार सिन्हा एवं लिलेन्द्र सिन्हा दरवाजा को लात मारकर गाली गलौज की। घर से बाहर निकली तब बाहर में लकड़ी को रखे हो, जिससे आने-जाने में परेशानी होती है कहकर चोवेन्द्र, लिलेन्द्र, शोभित राम ने जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्का से मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंची कमला बाई यादव, राधा बाई यादव एवं पुष्पा बाई यादव के साथ भी मारपीट की। महिला की रिपोर्ट पर बालोद थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान दुपहिया चोरी

**बालोद।** बारातियों के स्वागत के लिए पहुंचे व्यक्ति की गाड़ी गायब हो गई। थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ग्राम कन्हारपुरी राजनांदगांव निवासी राहुल साहू ने बताया कि 18 फरवरी को मेरी बुआ सास की लड़की की शादी ग्राम चेन्दरी बननवागांव में थी, जहां अपने दोस्त नकुल मारजीवे की स्कूटी क्रमांक सी.जी. 08 एडल्यु 8629 में गया था। वहां, कन्हारपुरी से बारात आई थी, जो साहू सामुदायिक भवन में रूकी थी। शाम को स्कूटी में बारातियों के लिए नाश्ता लेकर गया था। बारातियों को चाय नाश्ता कराने के बाद परघाकर घर ले गए। उसके बाद रात में सामुदायिक भवन के पास गया, तो वहां स्कूटी नहीं थी। इस संबंध में 21 फरवरी को चौकी पिनकापार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ग्राम भोथली में गीता जयंती आज

**अंडा।** कोसरिया यादव समाज सर्किल खांड़ा के तत्वावधान में 23 फरवरी को ग्राम भोथली में गीता जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः 10 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर पूजा के साथ ही उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही सोनम साहू द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी।

### बच्चों के विवाद में बड़े भिड़े, मारपीट का मामला दर्ज

**बालोद।** बच्चों के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि उसमें घर के बड़े लोग भी शामिल हो गए और जमकर मारपीट हो गई। इस मामले में दंतेश्वरी वार्ड राजहरा निवासी लक्ष्मी निषाद ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है। उन्होंने बताया कि मेरा नाती मानव निषाद 3 वर्ष का है जो वार्ड के आंगनबाड़ी में पढ़ने जाता है। 21 फरवरी को उसे आंगनबाड़ी छोड़ने गयी थी, जहां पड़ोसी कविता की लड़की भी पढ़ने जाती है।

**चुनाव :** त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे चरण में दोनों ब्लाक होगा मतदान

# आज बेरला व साजा ब्लाक के 2 लाख 97 हजार मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पंच, सरपंच, सदस्य जनपद और जिला पंचायत सदस्य चुनने होगा मतदान

जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में 23 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण का मतदान होगा। जनपद पंचायत बेरला में मतदान कर्मी मतदान सामग्री वितरण केंद्रों में पहुँचे और मतदान सामग्री प्राप्त कर सामग्री का मिलान कर अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए।

आज रविवार को सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान होगा। बेरला में 148,424 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे, जिनमें पुरुष 74,562, महिला 73,817 शामिल हैं। वहीं, साजा में 148,501 मतदाता हैं, जिनमें पुरुष 74,562 और महिला 73,939 हैं। इस प्रकार बेरला और साजा में कुल मतदाता 296,925 जिनमें पुरुष 149,169 और महिला 147,756 हैं, अपने-अपने क्षेत्र के पंच, सरपंच और सदस्य जनपद और जिला पंचायत के लिए मतदान करेंगे।

**दोनों जनपदों में 3210 अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी-** जिला प्रशासन द्वारा चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। दोनों जनपदों में 3210 पुरुष महिला अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। पुरुष मतदान कर्मी बेरला 1020, साजा 1044, कुल 2064 इसी प्रकार महिला मतदान कर्मी बेरला 566, साजा 580, कुल 1146 मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी करेंगे। मतदान वेलेट पेपर से होगा।

**चुनाव सामग्री के साथ मतदान दल रवाना-** शनिवार बेरला मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण किया गया और बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेरला के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में मतदान सामग्री वितरण वापसी के 16 और सेक्टर अधिकारी के 21 काउंटर बनाये गए थे।

**सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करें : शर्मा-** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतदान दलों से कहा है कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। वहीं, सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, उप निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग और एसडीएम एवं रिट्रनिग ऑफिसर बेरला पिंकी मनहर उपस्थित थे। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया।

**आज सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक डाले जा सकेंगे वोट**





### चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद, सुरक्षा में तैनात रहेंगी 39 पेट्रोलिंग पार्टियां

बेमेतरा। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तृतीय चरण बेरला एवं साजा ब्लाक में आज 23 फरवरी मतदान होना है। एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर पुलिस बल तैनात रहेगा। मतदान केन्द्र के पास हंगामा या गड़बड़ी की कोशिश करने वालों पर तुरंत होगी कार्रवाई होगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तृतीय चरण विकासखंड बेरला एवं साजा में आज मतदान होगा। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। मतदान केन्द्र के पास हंगामा, झगडा या गड़बड़ी करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करेगी। असामाजिक तत्वों तथा शराब पीकर हुल्लड़ या मारपीट करने वालों के विरूद्ध और चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील है कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान



में सहयोग करें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर ज़िले के दो विकासखंड बेरला एवं साजा के निर्वाचन को लेकर 39 पेट्रोलिंग पार्टी एवं मतदान केन्द्रों में मतदान दल के साथ जिला पुलिस बल, नगर सेना एवं ग्राम कोटवार के साथ लगभग 1,200 सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। पेट्रोलिंग पार्टी लगातार अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखेंगे।इसके अलावा जिले के राजपत्रित अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू के साथ 04 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात किया गया है जो लगातार पेट्रोलिंग कर चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखकर कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखेंगे। बेमेतरा जिले में द्वितीय चरण एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तृतीय चरण में ज़िले दो विकासखंड बेरला एवं साजा में 22 फरवरी को सबेरे 06 बजे से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बेरला एवं पं. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, साजा में मतदान केन्द्रों में सुरक्षा ड्यूटी हेतु ड्यूटी सर्टिफिकेट वितरण किया गया।

## नवनिर्वाचित सरपंच परमेश्वर ने मंत्री बघेल और विधायक साहू से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत तुमा से नवनिर्वाचित सरपंच परमेश्वर साहू ने जीत के बाद कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से शिष्टाचार भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने गांव के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। सरपंच परमेश्वर साहू ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गांव में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। साथ ही वे शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। ग्रामवासियों ने भी सरपंच से उम्मीद जताई कि वे अपने वादों को पूरा करेंगे और पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस दौरान बिरेंद्र साहू, जीतू साहू, दुखु साहू, महेश साहू, दिलीप निर्मलकर, शत्रुहन साहू, रोहित साहू, प्रहलाद सेन, मोहित साहू, फुसकर साहू, प्रभु साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



गांव के विकास के लिए दोहराया अपना संकल्प

## नवनिर्वाचित सदस्यों को दिया गया निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत बालोद के सदस्य पद हेतु नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान कौशिक ने सारणीकरण के उपरांत विजयी प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा करने के पश्चात जिले के बालोद विकासखंड के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर तहसीलदार आशुतोष शर्मा मौजूद थे।

## एसएसपी रामकृष्ण ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मतदान से एक दिन पहले थाना खम्हरिया, साजा, चौकी देवकर व देवरबीजा क्षेत्र का किया भ्रमण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण के लिए 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना खम्हरिया, साजा और चौकी देवकर, देवरबीजा क्षेत्र अंतर्गत के बिरनपुर, खपरी धोबी सहित दर्जनों मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा कर्मी एवं क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा कर निष्पक्ष व शान्ति पूर्ण मतदान के लिए अपील की। उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा कर्मी एवं थाना प्रभारी व पेट्रोलिंग पार्टी को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांति और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना सर्वोपरि है। भ्रमण के दौरान एसएसपी ने यह सुनिश्चित किया मतदान स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो, ताकि पंचायत चुनाव शांति पूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने मतदान केंद्रों पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया और चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से आवश्यक सुविधाओं जैसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंध, शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं के लिए सुविधाएं, और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है और इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें।

## भिलाई से प्रयागराज जा रहा वाहन पलटा, 8 घायल

**बेमेतरा।** भिलाई से बोलेरो के माध्यम से प्रयागराज जा रहे लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। वाहन ग्राम कारेसरा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 के माध्यम से बेमेतरा जिला



चिकित्सालय में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रायपुर रिफर कर दिया गया है। घायल होने वालों में मोना सोनी, मुन्ना सोनी, मंजू देवी, ममता वर्मा, मनोरमा सोनी शामिल हैं। बताया जाता है कि एक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ।

**नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय ने ली अधिकारियों की बैठक**

## जलसंकट बड़ी समस्या, शपथ ग्रहण से पहले की हल की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अधिकारियों के साथ विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

गर्मी की शुरुआत में ही शहर में जल संकट का दौर शुरू हो गया। हर वार्ड में पानी की किल्लत उत्पन्न हो रही है, बोर पंप फेल होते जा रहे हैं। शहर में पानी की संकट और आमजनों की समस्याओं देखते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शपथ ग्रहण करने पहले ही जल संकट दूर करने और आम नागरिकों को जल पूर्ति हो सके, इसके लिए शनिवार को नगर पालिका एवं पीएचई के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक ली। उसके बाद शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को त्वरित जल सप्लाई का निर्देश दिए। साथ ही इस दौरान श्री सिन्हा ने निरीक्षण के वक्त मौजूद नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में पानी की किल्लत नहीं होगी। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आमजन भी जल का अनावश्यक दुरुपयोग न करें। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के साथ नपा व पीएचई अधिकारीयों के साथ साथ पार्षद पंचू साहू, नीतू कोठारी, रवि मुलानी, आकीब मलकानी, गौरव साहू ,राजकुमार ख़ाडे, भानु साहू, मिंटा नामदेव मौजूद रहे।



### जल संकट है, शीघ्र ही समाधान किया जाएगा : सिन्हा

अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मीडिया से कहा कि जल आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए सम्बंधित विभाग से लगातार संपर्क में हूं। बेमेतरा की जनता को आश्वस्त करता हूं कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। पानी की समस्या की जानकारी मिलते ही पीएचई व नगर पालिका अधिकारी के साथ शहर के वार्डों में जाकर वास्तविक जानकारी ली गई है। आगे गर्मी और तेज होगी जिस पर सुचारू तौर पर आम नागरिकों को जल सप्लाई हो, इसके लिए बड़ा कदम उठाने निर्देश दिया गया है।

### चरित्र शंका में पति ने पीटा, पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

**बालोद।** चरित्र शंका को लेकर पति द्वारा मारपीट करने के साथ प्रताड़ित करने की शिकायत पत्नी ने पति के खिलाफ की है। ग्राम नवापारा ठेमाबुर्जुग निवासी महिला ने बताया कि अपने पति आशा राम पिस्दा ससुर सरजू राम पिस्दा सास बिन्दा बाई पिस्दा एवं चार बच्चों के साथ संयुक्त परिवार में रहते थे। पति की हरकत के कारण सास, ससुर हम लोगों से अलग रहते हैं। पति आए दिन मेरे चरित्र को लेकर वाद विवाद करते रहते हैं। 20 फरवरी को भी उन्होंने हंसिया को गला पर रखकर मारने का प्रयास किया, जिससे गले में चोट खरोच आई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से डौण्डी के अस्पताल लाया गया। वहीं, डौंडी पुलिस ने पत्नी की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# 4 माह की बच्ची को मिले माता-पिता, बैतूल के दंपति ने लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक 4 माह की अभ्यर्पित बच्ची को नए माता-पिता की छाया मिल गई। मध्यप्रदेश राज्य के बैतूल निवासी एक दंपति ने इस नन्ही बच्ची को गोद लिया है। इस नन्ही बच्ची को बाल कल्याण समिति रायपुर को सौंपा गया था। इसके बाद से बच्ची की समिति ही पालन-पोषण कर रही थी। इस बच्ची को गोद लेने के लिए बैतूल निवासी एक दंपति ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण स्त्रोत प्राधिकरण (कारा) के माध्यम से गोद लेने के लिए आवेदन किया था। इस आवेदन पर गोद की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को बच्ची को दंपति के सुपुर्द किया गया। इस तरह एक अनाथ बच्ची को माता-पिता मिल गए, वहीं दंपति को भी संतान का सुख प्राप्त हुआ। बताया जा रहा है कि इससे पहले दंपति संतान विहीन थे, जिससे दोनों काफी दुखी थे। बच्ची के मिलने पर दंपति के जीवन में नई खुशहाली आ गई है।

महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि केंद्र प्रवर्तित योजना मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति रायपुर में अभ्यर्पित 4 माह की बच्ची को एक दंपति ने गोद लिया है। इस दंपति ने बच्ची को गोद लेने के लिए कारा के माध्यम से आवेदन किया था। आवेदन के बाद बच्ची को गोद देने की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को बैतूल मध्यप्रदेश निवासी दंपति के सुपुर्द किया गया।

**बाल कल्याण समिति को सौंपी गई थी बच्ची**

### अब तक 19 बच्चे दिए गए है गोद, इनमें दो विदेश में

रायपुर जिले से अब तक 19 बच्चों को गोद दिया गया है। इनमें 17 बच्चों को छत्तीसगढ़ के अलावा कर्नाटक, दिल्ली, बेंगलोर, तेलंगाना मध्यप्रदेश, कोलकाता, पंजाब राज्य में जगह मिली। इसके अलावा 2 बच्चों को विदेश में रहने वाले दंपति को गोद दिया गया है। इनमें सिंगापुर और अलबामा यूएसए शामिल है।



### गोद दिए बच्चों में 9 बालक एवं 10 बालिका

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर अंतर्गत गोद दिए गए 19 बच्चों में 9 बालक एवं 10 बालिका हैं। विदेश में गोद लिए गए बच्चों में एक बालक एवं एक बालिका है।

# सस्पेंड सिपाही ने तलाक दिए बगैर किया दूसरा विवाह, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक सस्पेंड पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी से तलाक लिए बगैर दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया। इस मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की है। बताया गया कि आरोपी कांस्टेबल अपनी पत्नी से अक्सर विवाद कर मारपीट किया करता था, जिससे परेशान होकर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से वह सस्पेंड भी है, लेकिन सस्पेंड होने के बाद उसने सुधरना छोड़कर दूसरी महिला से विवाह कर लिया है। आयोग ने इस प्रकरण में आरोपी को फटकार लगाई कि पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह नहीं कर सकता। यह कानूनी अपराध है। इस पर कांस्टेबल ने बताया कि उसके खिलाफ कोर्ट में चालान प्रस्तुत हो चुका है। आयोग ने इस पर कांस्टेबल को न्यायालय का नाम, पेशी की तारीख व ऑर्डरशीट के साथ आगामी सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।






### पुत्र का अपनी कमाई से करती है पालन-पोषण

शिकायतकर्ता महिला ने आयोग को बताया कि उसका विवाह 9 वर्ष पूर्व हुआ था तथा उसका 8 वर्ष का एक पुत्र भी है। पिछले ढाई वर्ष से वह अपने पति से अलग है तथा पुत्र के साथ रहती है। पार्लर का काम करके वह पुत्र का पालन-पोषण कर रही है। उसका पति कांस्टेबल है जो सस्पेंड है। वह उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करता था, जिससे परेशान होकर उसने उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से उसका पति सस्पेंड है।

### पत्नी और दूसरी महिला से कान पकड़कर माफी मांगी

आयोग ने एक अन्य प्रकरण में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी पर जुल्म करने तथा दूसरी महिला को बदनाम करने के प्रयास के लिए कोर्ट के समक्ष पत्नी और दूसरी महिला से माफी मांगनी पड़ी। पीड़ित महिला ने शिकायत की थी कि उसका पति उस पर अत्याचार करता है।उसका दो वर्ष का पुत्र है। इसके बाद भी उसका पति एक दूसरी महिला से संबंध रखा हुआ है। सुनवाई के दौरान दूसरी महिला भी उपस्थित थी। उन्होंने आयोग को बताया कि आवेदिका का पति उसके कार्यालय आकर तंग कर उसे बदनाम कर रखा है। आयोग ने इसके बाद आरोपी को पत्नी और दूसरी महिला से कान पकड़कर माफी मंगवाई, साथ ही हिदायत भी दी कि भविष्य में अगर वह अपनी पत्नी पर किसी का अत्याचार करता है या दूसरी महिला को परेशान करता है, तो उसके खिलाफ दोनों महिलाएं एफआईआर दर्ज करा सकती हैं।

### *आयोग की समझाइश पर मां का मकान खाली करेगा बेटा*

*एक प्रकरण में एक महिला ने अपने बेटे और बहू पर बार-बार झगड़ा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। इस शिकायत पर आयोग ने दोनों पक्षों की बातें सुनी। मां ने आयोग से मांग की कि उसके मकान के ऊपरी हिस्से में उसका बेटा-बहू रहते हैं। दोनों को वह अपने साथ रखना नहीं चाहती। मकान को किराए पर देकर वह अपना जीवन यापन कर लेगी। आयोग ने इस पर बेटे को समझाइश दी। इसके बाद बेटा भी मां का मकान 15 दिनों के भीतर खाली करने को तैयार हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा तथा दीपिका शोरी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर यह 304 वीं सुनवाई थी।*


# चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 10 अरेस्ट, पांच आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने चोरी का माल खपाने वाली दो महिला सहित 10 शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पांच महाराष्ट्र के शातिर शामिल हैं। पुलिस ने पुरानी बस्ती में चोरी के मामले में महाराष्ट्र के जिन पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है, उनमें से एक राजनांदगांव तथा चार नागपुर जेल में बंद थे।

भाठागांव, राधास्वामी नगर निवासी कमल साहू की शिकायत पर पुलिस ने महाराष्ट्र, नागपुर निवासी तन्मय मालेकर, आकाश नोनकर, राजेश झोरिंग, मानव उर्फ मन्या शेवारे, समीर उर्फ गबया देशमुख को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आदतन चोर हैं। शातिरों ने 20 दिसंबर की रात कमल साहू के सूने मकान में चोरी की थी। पुलिस ने शातिरों को घटना स्थल पर सीसीटीवी से मिले वाहन नंबर के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिरों के कब्जे से नकदी सहित तीन लाख 95 हजार रुपए कर माल बरामद किया है।

### पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर के साथ कैश जब्त





### शातिर ने साथियों के साथ मिलकर की चोरी

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 10 दिन पूर्व सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शातिर नकबजन शेख फैजान के साथ भावेश जगत, मुकेन्द्र ध्रुव उर्फ गब्बर, लक्ष्मी जगत तथा रूपा हरपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को चोरी का माल ठिकाने लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शातिरों ने 11 फरवरी को सत्यनारायण माहेश्वरी के सूने मकान में चोरी की थी। आरोपियों को पुलिस ने घटना स्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज से पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

## खबर संक्षेप

### पंडोखर धाम पीठाधीश्वर का शिष्यों ने किया स्वागत

**रायपुर।** पंडोखर धाम पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने रायपुर पहुंचे, जहां उनके सैकड़ों शिष्यों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। महाराजश्री राजिम कल्प कुंभ में छग शासन एवं मुख्यमंत्री के आग्रह पर पहुंचे हैं। राजधानी रायपुर में भक्तों ने गुरुशरण महाराज के साथ नीदरलैण्ड से पहुंचे संतश्री आनंद महाराज का पुष्पमाला पहनाकर एवं आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। राजिम कुंभ कल्प पहुंचकर महाराजश्री ने पवित्र चित्रोत्पला गंगा महानदी सहित भगवान राजीवलोचन एवं श्री कुलेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन कर दर्शन लाभ लिया। शिष्य मंडल के सदस्य राजेश पांडेय ने बताया कि राजिम मेले में पहुंचकर छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। पंडोखर सरकार राजिम कुंभ में 21 से 26 फरवरी तक उपस्थित रहेंगे। दरबार स्थल पर नित्य भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। उनके साथ टेकराम साहू, डॉ. नलिनी मढ़रिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संतश्री गजानन महाराज का प्राकट्य महोत्सव मनाया

**रायपुर।** तात्यापारा स्थित संतश्री गजानन महाराज संस्थान रायपुर मे संतश्री के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार गणेश याग का आयोजन किया गया। इस वर्ष के गणेश याग मे सम्मिलित आचार्य चारुदत्त जोशी, शैलेश चिंचोलकर, विवेक अमीन एवं आशीष पंडित, राजा भट्ट, यज्ञ के पुरोहित एवं यजमान हर्षल बल्लाल सपत्नीक यज्ञ के पहले सुबह संतश्री की शोडषोपचार पूजा, रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम पूर्ण भक्तिभाव से संपादित किया गया, गणेश याग व संतश्री के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रही। कार्यक्रम में संतश्री गजानन महाराज संस्थान में रात 8 बजे सामूहिक महाआरती में महिलाओं ने एक समान वेशभूषा व सभी के हाथों में आरती की थाल के साथ अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

Hub of opportunity at **Avinash Chitwan**, Kachna

Boulevard

SHOP | RETAIL | OFFICE | F & B | BOUTIQUE

LAUNCHING TODAY



avinash CHITWAN

99075 88444
www.avinashgroup.com | rera.cgstate.gov

28+ Years of Experience | 59 Real Estate Projects | 15000+ Happy Customers

## खबर संक्षेप



### अपर आयुक्त ने ली अधिकारी कर्मचारियों की बैठक

**रायपुर**। नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी सेवापुस्तिका की डुप्लिकेट कॉपी बनवाकर अपने पास सुरक्षित रखें एवं नामांकन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से कराकर उसकी प्रति मूल सेवापुस्तिका में संलग्न कराएं तथा उसकी फोटोकॉपी अपने रिकार्ड में सुरक्षित रखें, ताकि आकस्मिक स्थिति में दावा भुगतान प्रकरण में असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रभारी अपर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम मुख्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग में शीघ्र प्रक्रिया के तहत प्रकरण तैयार पर स्कैनर मशीन मंगाकर लगवाई जाएगी, ताकि व्हाउचर बिलों को स्कैन कर रिकार्ड सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी समस्याएं बताने एवं उसका नियमानुकूल शीघ्र समाधान प्राप्त करने में सहभागी बनने का अनुरोध किया।

### कैबिनेट की बैठक आज बजट प्रस्ताव पर लगेगी मुहर

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 22 तारीख को राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक रखी गई है। इस बैठक में राज्य सरकार के नए बजट 2025-26 के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। सरकार के वित्त विभाग ने लंबी कवायद के बाद नए बजट का प्रारूप तैयार किया है। कैबिनेट की बैठक में प्रस्तावों पर विचार करने के बाद प्रस्तावित बजट को मंजूरी दिए जाने का प्रावधान है। दूसरी ओर विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र के पहले ही नए बजट को कैबिनेट की मंजूरी दी जानी है। इसके बाद सत्र के दौरान बजट पेश किया जाएगा। यह संभावना भी है कि कैबिनेट की बैठक में ही बजट पेश करने की तारीख भी तय होगी। संभावना है कि सरकार का नया बजट 3 मार्च को पेश किया जा सकता है।

### सांसद बृजमोहन ने नए पार्षदों से की मुलाकात

**रायपुर**। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें जीत की बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। भेंट करने वालों में संतोष साहू, प्रदीप वर्मा, रमेश सपहा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी पार्षद अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे।

### खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर आज पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर**। नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शनिवार को डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शहर के जीई मार्ग पर नवीन मार्केट फूल चौक के समीप स्थित डॉ. बघेल की मूर्ति के समक्ष आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निगम संस्कृति विभाग एवं जोन-4 के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# पैसों के खर्च का हिसाब कराया पर काम का पैसा नहीं दिया, निकायों पर ऑडिट का पौने 16 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कामकाज के तौर-तरीकों को लेकर एक दिलचस्प मामला सामने आया है। दरअसल नगरीय निकायों को मिलने वाले राजस्व कर, सरकारी अनुदान आदि मद में मिलने वाली राशि का हर साल हिसाब-किताब करवाया जाता है। यह काम राज्य सरकार के वित्त विभाग से संबंधित राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) द्वारा किया जाता है। इस काम के लिए बाकायदा शुल्क तय है। काम पूरा होने के बाद निकायों को यह शुल्क राज्य संपरीक्षा को देना होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने बरसों से इस काम के पैसे अदा नहीं किए हैं। यह राशि पौने 16 करोड़ रुपए से अधिक होती है। राज्य संपरीक्षा ने अब निकायों से यह राशि अदा करने कहा है।

## निकायों ने बरसों से अदा नहीं की है ऑडिट फीस

### बरसों से अदा नहीं किया गया है शुल्क

संचालनालय संपरीक्षा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बताया है कि पिछले साल नवंबर 2024 की स्थिति में निकायों पर 15 करोड़ 75 लाख, 72 हजार, 278 रुपयों का बकाया है। लेकिन ये राशि बरसों से अदा नहीं की जा रही है। राज्य संपरीक्षा ने जो ब्योरा भेजा है उससे पता लगता है कि कई निकायों ने 10-15 साल से राशि अदा नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा राशि नगर निगमों का 11 करोड़ 59 लाख, पालिकाओं की 2 करोड़ 35 लाख और नगर पंचायतों की 1 करोड़ 80 लाख से अधिक की है।



**गबन, वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है ऑडिट से**

### वित्तीय गड़बड़ी पकड़ता है राज्य संपरीक्षा

राज्य संपरीक्षा (ऑडिट) विभाग छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा अधिनियम के अधीन अंकेक्षणाधीन घोषित समस्त स्थानीय निकायों का अंकेक्षण का काम करता है। ऐसी सभी संस्थाओं का अंकेक्षण कार्य संपादित करना जिनके अंकेक्षण किसी ऐसे अधिनियम द्वारा या उसके अधीन, जिसके अनुसार ऐसी संस्थाओ का गठन किया गया हो। ऐसे सभी स्थानीय प्राधिकरणों तथा निगमित और गैर निगमित निकायों के लेखाओं के अंकेक्षण के अतिरिक्त राज्य संपरीक्षा को, राज्य शासन के वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति पर, ऐसी किसी भी अन्य संस्थाओं के लेखाओं का अंकेक्षण करना होता है जो शासन द्वारा समय-समय पर सौंपी गयी हो। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा किये जाने वाले अंकेक्षण कार्य के आधार पर स्थानीय निकायों पर अंकेक्षण शुल्क आरोपित कर वसूली करना भी एक काम है, लेकिन इसके साथ ही निकायों के अंकेक्षण कार्य के बात समक्ष आई वित्तीय अनियमितताओं को संकलित कर अंकेक्षण प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभागों की ओर वित्तीय अनियमितताओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रतिवेदन प्रसारित करना। गबन (प्रभक्षण) वित्तीय कदाचार आदि के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही हेतु विशेष प्रतिवेदन निकाय एवं उनके प्रशासकीय विभाग की ओर प्रेषित करने का काम इस विभाग का है।

### संचालक को भेजा गया पत्र

इस मामले को लेकर संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा ने संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र भेजकर बकाया अंकेक्षण(ऑडिट) शुल्क अदा करने कहा है। इस पत्र में कहा गया है कि राज्य के नगरीय निकायों के अंकेक्षण का काम छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के द्वारा किया जाता है। अंकेक्षण के बाद राज्य संपरीक्षा अधिनियम 1973 की धारा 4(3) के तहत निकायों पर अंकेक्षण शुल्क अधिरोपित किया जाता है। यह अंकेक्षण शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया जाता है।

## मुख्यमंत्री निवास पर सुबह से रात तक मिलने वालों का लगा रहा तांता

# सीएम साय के जन्मदिन पर नेताओं-समर्थकों ने दी बधाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सहित सभी केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय नेता, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपालों, प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका ने भी एक्स पर ट्वीट करके बधाई दी।

मुख्यमंत्री साय ने इन नेताओं का एक्स पर पोस्ट करके आभार भी जताया है। इधर प्रदेश के सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री निवास में उनसे मिलने के लिए सुबह से लेकर रात तक तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय को देश पर के दो सौ से ज्यादा नेताओं ने एक्स पर ट्वीट करके बधाई दी है। इसी के साथ मुख्यमंत्री निवास में उनसे मिलकर प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक और सांसदों ने मिलकर या फिर फोन करके बधाई दी है। इसी के साथ प्रदेश भाजपा संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी मिलकर बधाई दी। भाजपा के प्रदेश भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री निवास में रात तक पहुंचते रहे और मुख्यमंत्री से मिलकर उनको बधाई दी।

### बगिया में श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन

मुख्यमंत्री साय ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में परिवारजनों और भक्तों के साथ श्री सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, परिवार उपस्थित थे। कथा के समापन के पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने प्रियजनों द्वारा लाए गए जन्मदिन के केक को सर्वप्रथम अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी को अपने हाथों से खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आत्मीय संवाद किया और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### सीएम ने बालिका गृह में बच्चियों के साथ मनाया जन्मदिन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने जन्मदिन पर राजधानी रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह पहुंचे, जहां बच्चियों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बच्चियों ने मुख्यमंत्री से को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को खुशियों में शामिल करना ही सच्ची संवेदनशीलता और नेतृत्व की पहचान है। बच्चों की मासूम बातों और खिलखिलाहटों के बीच जन्मदिन का माहौल और भी भावनात्मक हो गया। इस अवसर पर बच्चियों ने मुख्यमंत्री से अपनी छोटी-छोटी इच्छाएं साझा कीं, जिनमें एक साउंड बॉक्स की मांग भी थी, जिसे उन्होंने तुरंत पूरा करते हुए बालिका गृह को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बालिका गृह में कंप्यूटर एवं वॉटर कूलर के लिए 10 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।



### प्रयागराज महाकुंभ में डिप्टी सीएम शर्मा ने मनाया सीएम का जन्मदिन

प्रयागराज महाकुंभ में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पवेलियन में महाकुंभ पहुंचे छत्तीसगढ़वासियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। उनका जनसेवा के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। आज हम सभी ने उनके जन्मदिवस पर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की है। जन्मदिन समारोह के उपरांत श्रद्धालुओं को फल और नाश्ते का वितरण किया गया।

### विधायक पुरंदर ने दी जन्मदिन की बधाई



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर शुक्रवार को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने सीएम हाउस पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रायपुर उत्तर विधानसभा के नवनिर्वाचित पार्षद एवं कार्यकर्ता भी साथ रहे। इस दौरान विधायक श्री मिश्रा ने उन्हें भगवान जगतनाथ के आशीर्वाद स्वरूप गमछा पहनाया और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्रा ने महाप्रभु जगन्नाथ से मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना भी की।

### आरती ग्रुप ने मनाया सीएम का जन्मदिन



रायपुर। आरती ग्रुप ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। आरती ग्रुप के राजीव अग्रवाल, छगन मुंदड़ा, मनीष मंडल, राजीव मूंदड़ा एवं रिभु राज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री के हाथों उनके जन्मदिन का केक कटवाया।

## भाजपा बोली

### अपराधी की जमानत पर कांग्रेस का जश्न शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बलौदाबाजार हिंसा और अग्निकाण्ड के मामले में जेल में सात माह से बंद रहे कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की शुक्रवार को जमानत पर रिहाई का जश्न मनाने को कांग्रेस का निकृष्ट और शर्मनाक राजनीतिक आचरण बताया है। श्री शर्मा ने कहा, अपराधियों का



इस तरह महिमा मण्डन करके कांग्रेस अपने नैतिक पतन की पराकाष्ठा का प्रदर्शन तो कर ही रही है, अपनी इन ओछी और घोर निंदनीय करतूतों से अपनी राजनीतिक कुंठा का परिचय भी दे रही है। कांग्रेस का आचरण बलौदाबाजार की हिंसा के मामले में चल रही जांच और न्यायिक प्रक्रिया की खुली अवहेलना भी है। श्री शर्मा ने कहा कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देना कांग्रेस के नेताओं की फितरत ही है और कांग्रेस का समूचा राजनीतिक इतिहास इस बात की गवाही देता है। कांग्रेस जब सत्ता में होती है तो ऐसे अपराधियों को पालती-पोसती है और सत्ता के संरक्षण में उनको तमाम गैरवाजिब करतूतों को अंजाम देने की खुली छूट देती है और जब सत्ता से अलग होती है तो इन्हीं अपराधियों के जरिए कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने और अराजकता फैलाने के अपने एजेंडे पर काम करने लगती है।

# किराएदारों के किफायती आवास के 170 ईडब्लूएस फ्लैट के लिए लाटरी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा किराएदारों के लिए किफायती आवास स्कीम में शहर के 4 विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित खाली पड़े 170 ईडब्लूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये। इसमें कचना, दलदल सिवनी, सोनडोंगरी और मठपुरैना में निर्मित आवास शामिल हैं। नगर निगम चुनाव की आचार संहिता के कारण इन आवासों के आवंटन की लाटरी नहीं हो पायी। चुनाव के बाद अब गांधी सदन में जल्द लाटरी निकालकर पात्र हितग्राहियों को ईडब्लूएस आवास का आवंटन किया जायेगा।

दरअसल, मोर मकान मोर आस स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने निगम मुख्यालय ने आवेदन मंगाये। हितग्राहियों ने खुद के पक्के आवास का सपना सच करने निगम चुनाव से पहले प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपये पंजीयन राशि के रूप में जमा कराया। अब जल्द ही इन 170 पात्र हितग्राहियों का इंतजार खत्म होगा। इनमें कचना में निर्मित 99 ईडब्लूएस फ्लैट, दलदल सिवनी में 14, सोनडोंगरी में 2 और मठपुरैना में रिक्त 55 ईडब्लूएस फ्लैट शामिल हैं। इन आवासों के आवंटन के लिए लिए गांधी सदन में जल्द लाटरी निकाली जायेगी।



- निकाय चुनाव की आचार संहिता के कारण अटका था आवंटन
- हितग्राहियों ने 35 हजार रुपये की प्रथम किस्त कराई थी जमा

### 150 ईडब्लूएस फ्लैट के लिए 638 आवेदन

मठपुरैना साइट में रिक्त 150 ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये। इसके लिए चार गुना से अधिक आवेदन प्राप्त हुये। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि 1 मार्च से दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू होगा। इसके बाद पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर उन्हें सूचना दी जायेगी और पात्रता अनुसार लाटरी निकालकर आवास आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

# पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 81.22 प्रतिशत मतदान, लापरवाही पर कई सरकारी कर्मी नपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस दौर के लिए वोटिंग में कुल मिलाकर 81.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों के लिए 85 हजार से अधिक प्रत्याशी मैदान पर थे। वोटों की गिनती सभी जगह पूरी हो चुकी है, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी परिणाम जारी नहीं किया है। बताया गया है कि परिणाम संबंधी आंकड़ों का टेबुलेशन किया जा रहा है। दूसरे चरण के चुनाव के दौरान लापरवाही बरतने और निर्देश को दरकिनार करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### 85 हजार का हुआ फैसला

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण का चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण में राज्य के 43 विकासखण्डों में मतदान हुआ। 81 प्रतिशत से अधिक महिला एवं पुरूष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार राज्य में मतदान का औसत 81.22 प्रतिशत रहा। राज्य निर्वाचन आयोग के




अधिकारियों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में 20 फरवरी को पंच पदों के लिए 26 हजार 988, सरपंच के लिए 3 हजार 774, जनपद सदस्य के लिए 899 एवं जिला पंचायत सदस्यों के 138 पदों के लिए द्वितीय चरण में मतदान हुआ। पंच पद के 65 हजार 716, सरपंच पद के 15 हजार 217, जनपद सदस्य के 3 हजार 885 और जिला पंचायत सदस्य के 699 अभ्यर्थियों ने द्वितीय चरण में चुनाव लड़ा था। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण के मतदान हेतु 9 हजार 738 मतदान केन्द्र बनाये गए। द्वितीय चरण के निर्वाचन हेतु कुल मतदाताओं की संख्या 46 लाख 83 हजार 736 है, जिसमें 23 लाख 17 हजार 492 पुरूष, 23 लाख 66 हजार 157 महिला एवं 87 अन्य शामिल हैं।

### चुनाव में लापरवाही, तीन निलंबित

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें प्रधान पाठक जुनास खलखो, पटवारी विजय कुमार श्रीवास्तव और व्याख्याता गणेश कुमार मंडल शामिल हैं। रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के अनुसार, इन अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरती, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्रधान पाठक जुनास खलखो को पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन 19 फरवरी 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, जशपुर में सामग्री वितरण के दौरान वे नशे की हालत में पाए गए। चिकित्सकीय जांच में इसकी पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कांसाबेल कार्यालय में नियत किया गया।

### मतदाता सूची नहीं बनाई, पटवारी निलंबित

इसी तरह निर्वाचन कार्य के तहत फरसाबहार तहसील के पटवारी विजय कुमार श्रीवास्तव को मतदाता सूची की हार्ड कॉपी तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने बिना अनुमति के 70 दिनों तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थिति दर्ज कराई।

# अवैध कनेक्शन, बिजली चोरों को स्मार्ट करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को लाइन लॉस से हर साल दो हजार करोड़ से ज्यादा का झटका लगता है, लेकिन अब स्मार्ट मीटरों के कारण इस पर लगाम लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। प्रदेश में लग रहे स्मार्ट मीटर फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों में लगाए गए हैं। इनके लगने के बाद अब फीडरों की जांच में यह बात सामने आ रही है कि कहां कितना लाइन लॉस हो रहा है। इसकी जांच करने पर बिजली चोरी के साथ ही अवैध कनेक्शनों की जानकारी मिल रही है। इस पर कार्रवाई कर लाइन लॉस को कम किया जा रहा है। राजिम के एक फीडर में 50 फीसदी और राजधानी रायपुर के एक फीडर में 32 फीसदी तक लाइन लॉस कम हुआ है। प्रदेश में सभी पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसका प्रारंभ बीते साल पॉवर कंपनी के फीडरों के साथ ही ट्रांसफार्मरों से किया गया। इसी के साथ उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। जहां सभी फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहीं 11 लाख उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। प्रदेश में 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं।

### कहां कितना लाइन लॉस कम



फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि फीडरों में कितनी बिजली की सप्लाई हो रही है और उपभोक्ताओं के घरों तक कितनी बिजली पहुंच रही है। ऐसे में यह अब आसानी से मालूम हो रहा है कि जितनी सप्लाई हो रही है, उससे उपभोक्ताओं की खपत कम है और बाकी बिजली चोरी हो रही है। ऐसे में जांच कर बिजली चोरों का पता लगाकर लाइन लॉस कम किया जा रहा है। अब तक सात फीडरों की जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, राजिम के 11 केवी के फीडरों में 66 फीसदी लाइल लॉस हो रहा था, जिसको 51 फीसदी कम कर 15 फीसदी तक लाया गया है। इसी तरह से रायपुर सिटी एक के पीएचक्यू फीडर एक का लाइन लॉस 35 फीसदी से तीन फीसदी, पीएचक्यू फीडर दो का 11 फीसदी से सात फीसदी तय लाया गया है। बलौदाबाजार के देवरी फीडर में 18 फीसदी के लाइन लॉस को 13, बैकुंठपुर के एक फीडर के 21.88 फीसदी को 6 फीसदी और अंबिकापुर के कालोनी फीडर के 31.99 फीसदी लाइन लॉस को 9.16 फीसदी तक लाया गया है। लाइन लॉस का एक कारण पतला जंफर लगाया जाना भी पाया गया है। इन जंफरों को भी ठीक किया जा रहा है, ताकि लाइन लॉस कम हो सके और जितनी बिजली की सप्लाई फीडरों को रही है, वह पूरी उपभोक्ताओं तक पहुंच सके।

# धर्मांतरण संविधान की भावना के विपरीत : साय


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्मांतरण के मुद्दे पर अपनी राय रखी है। उनका कहना है कि अशिक्षा, गरीबी, चंगाई या लोक-परलोक के नाम पर लोगों को बहकाकर, प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी विरुद्ध है। श्री साय ने यह बात मीडिया से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में कही है। श्री साय ने कहा कि कई ऐसे एनजीओ हैं, जो हेल्थ एजुकेशन के नाम पर विदेशी सहायता लेते हैं। हेल्थ एजुकेशन के नाम पर धर्मांतरण का खेल होता है। हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां हर व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार धर्म मानने की स्वतंत्रता है।



## खबर संक्षेप



### चोरी की बाइक बरामद

**बालोद।** पुलिस विभाग को ग्राम खपरी एवं बघमरा क्षेत्र में हुई बाईक चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। सशक्त ऐप के माध्यम से इस चोरी का खुलासा हुआ, जिसमें विधि से संघर्षरत 2 बाईक चोर पर कार्रवाई करते हुए 2 मोटर सायकल जब्त की गई है। क्षेत्र में हो रही बाईक चोरी को रोकने एवं छोटी बड़ी चोरी को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी।

पहले मामले में 11 जनवरी 2025 को ग्राम घुमका थाना बालोद निवासी प्रार्थी उदित नारायण सिन्हा पिता मुकेश कुमार सिन्हा 18 वर्ष ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दूसरे मामले में 4 जनवरी 2025 को ग्राम ओरमा थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थी लीलाधर साहू पिता स्व.पूरन लाल साहू उम्र 41 वर्ष ने अपने साला टेकराम साहू के घर ग्राम बघमरा में मड़ई देखने जाने के दौरान बाइक क्रमांक डीएल 75 बीडी 8556 के चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर से पता चला कि पाररास के तरफ से विधि से संघर्षरत बालक मोटर साइकिल बेचने के फिराक में घूम रहे हैं। उनसे पूछताछ में पड़ोसी की मोटरसाइकिल लेकर घूमने आना बताया। इस पर तत्काल सशक्त एप में उक्त वाहन के संबंध में सर्च करने पर चोरी का वाहन होना पता चला। इस पर कड़ी पूछताछ में मालीघोरी मड़ई और बघमरा से चोरी करना स्वीकार किया। इस पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिल को बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्गेश्वरी ने प्रावीण्य सूची में पाया चौथा स्थान

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी दुर्गेश्वरी ने अर्थशास्त्र विषय के एमए



चतुर्थ सेमेस्टर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के 2024 को घोषित प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। नेमीचंद कॉलेज की छात्रा दुर्गेश्वरी स्व राजेंद्र कुमार ढीमर व पेमिन बाई ढीमर की तीन पुत्रियों व एक पुत्र में सबसे बड़ी हैं। लगभग 10 वर्ष पूर्व पिता के निधन के बाद उनकी मां पेमीन बाई ने चना मुर्रा बेचकर अपने परिवार के जीवन-यापन के साथ बच्चों की शिक्षा को जारी रखा। मां के कठिन परिश्रम का दुर्गेश्वरी ने मान रखा और प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी मां एवं गुरुजनों को दिया।

**कार्यक्रम :** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

# पोते-पोतियों के साथ दादा-दादी भी बच्चे बने, तरह-तरह के खेलों का लिया आनंद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में दादा-दादी का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी, हैड मिस्ट्रेस स्मृति शाही एवं प्री प्राइमरी विंग के सभी शिक्षिकाएँ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में दादा-दादी दिवस इस बार डिज्नी लैंड थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम को रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए विविध प्रकार के आकर्षक खेलों का भी आयोजन किया गया। दादा-दादियों ने अपने खिलते हुए नन्हें फूलों के समान पोते-पोतियों के साथ बड़े ही मनमोहक तथा मनोरंजक कार्यक्रम में भाग लिया। उस समय का दृश्य ऐसा प्रतित हो रहा था मानो दादा-दादी भी छोटे बच्चे बन गए हों। कार्यक्रम की शुरूआत देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से की गई।

■ डिज्नी लैंड मेला रहा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी के छात्रों द्वारा गणेश वंदना एवं महिषासुर मर्दिनी नृत्य रहा। उसके बाद प्री प्राइमरी विंग के प्रस्तुति को देखकर दादा-दादी एवं पालकों का मन भावुक हो गया। कार्यक्रम की सबसे खास बात विद्यालय द्वारा आयोजित मेले का रहा, जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल जैसे खजाना खोजो, संतुलन बनाओ और गेंद इकट्ठा करो, रिंग उछालो, गुब्बारा उछालो साथ ही मंच पर विज्ञापन पहचानो, संगीतमय कप, वस्तु पहचानो खेल का भी आयोजन किया गया। इन सभी खेलों का बच्चों और उनके दादा-दादी ने भरपूर आनंद उठाया। बच्चों के मनोरंजन के लिए स्विंग्स जंपर्स और कैंडी फ्लोस की स्टॉल लगाई गईं। जिसका सभी बच्चों ने आनंद उठाया। इसके बाद दादा-दादियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में शिक्षा की गुणवत्ता अतिआवश्यक है और यह समाज के विकास के लिए भी अहम है। पुरस्कार वितरण समारोह-कार्यक्रम में प्रथम लाल चंद संतवानी रहे। मोस्ट एनरजेटिक ग्रैंड पेरेंट आशा सुखवानी रहीं। बेस्ट हेयर डू जानकी साहू रहीं। बेस्ट को-ओर्डिनेशन दिलीप सलूजा एवं स्वीटी सलूजा रहे।






**समाज, परिवार तथा देश के निर्माण में दादा-दादियों का अमूल्य योगदान**

कार्यक्रम में 500 से अधिक दादा-दादी (पेरेन्ट्स) उपस्थित रहे। इस अवसर पर हैड मिस्ट्रेस स्मृति शाही ने कार्यक्रम में उनकी भागीदारी और उपस्थिति के लिए समस्त दादा-दादियों को धन्यवाद तथा आभार प्रकट किये। उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि समाज, परिवार तथा देश के निर्माण में दादा-दादियों का अमूल्य योगदान एक विशाल फलदार और छायादार वृक्ष की तरह होता है। वे अपने पोते-पोतियों का संरक्षण माली की तरह करते हैं, जिससे वे बड़े होकर एक आदर्श मनुष्य बनकर राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकें। विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आपके आगमन से बच्चों एवं सम्पूर्ण विद्यालय में नई ऊर्जा का संचालन होता है। ग्रैंड पेरेंट्स हमारे परिवार की नींव होते हैं और इस तरह के कार्यक्रम उनके प्रति आभार प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फांसी के फंदे पर लटकी मिली महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पति ने शादी में शामिल होने मायके जाने से मना किया, तो पत्नी ने जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का शव 54 घंटे बाद जंगल में मिला है। डौंडी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं आगे की जांच की जा रही है। मामला ग्राम ग्राम सुरडोंगर का है।



■ दो दिन से लापता थी सुरडोंगर निवासी महिला

डौंडी पुलिस के अनुसार सुरडोंगर निवासी दुलेश्वरी 33 वर्ष 18 फरवरी से लापता थी। उसका शव दो दिन बाद ग्राम सुरडोंगर और खुर्सीटिकुर के बीच जंगल में मिला। महिला ने महुआ के पेड़ पर फांसी लगा ली थी। करीब 54 घंटे बाद लोगों को तेज दुर्गंध से घटना की जानकारी हुई। काफी लंबे समय से फंदे में लटके होने की वजह से रस्सी गले के अंदर तक चला गया था। वहीं, पूरा शरीर काला पड़ चुका था। दुलेश्वरी के दो छोटे बच्चे हैं, जो अपनी मां के अचानक चले जाने से बेसहारा हो गए हैं। घटना की सूचना के बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच करने की मांग की। दुलेश्वरी साहू की मौत को लेकर अब मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई है। मृतका के परिजनों का कहना है कि दुलेश्वरी खुदकुशी नहीं कर सकती, बल्कि उसकी हत्या कर फांसी पर लटकाया गया है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### थाना प्रभारियों पर एफआईआर के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

**भिलाई।** दो थाना प्रभारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के आदेश पर न्यायालय ने रोक लगा दी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंतिम निराकरण होने तक याचिकाकर्ताओं को स्थगन आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए प्राणघातक हमले के आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी पूर्णिमा शर्मा ने भिलाई तीन थाना प्रभारी महेश ध्रुव और निरीक्षक श्रद्धा पाठक के खिलाफ न्यायालय भिलाई तीन में याचिका दायर की थी। जिसमें न्यायालय ने आदेश दिया था कि धारा 127 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर कोर्ट को अवगत कराने कहा था। साथ ही दोनों थाना प्रभारियों के खिलाफ अलग से विभागीय जांच किए जाने का आदेश भी दिए गए थे। मामले के खिलाफ थाना प्रभारी महेश ध्रुव और श्रद्धा पाठक ने अधिवक्ता प्रदीप नेमा के माध्यम से आदेश को चुनौती देते हुए पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

# हाईवा की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा/बालोद

**शनिवार सुबह डौंडीलोहारा में हुई दुर्घटना**





शनिवार सुबह डौंडीलोहारा में मुख्य मार्ग स्थित गौशाला के सामने हाईवा की चपेट में आने से एक बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची। हाईवा व चालक को थाने ले जाया गया वहीं शव को पी एम के लिए भेजा गया।

टीआई मुकेश सिंग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुंदेली निवासी पालीराम नायक 60 वर्ष सुबह शादी समारोह से वापस अपने बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएफ 5464 से अपने गृहग्राम वापस लौट रहा था। इस बीच नगर के गौशाला के सामने हाईवा क्रमांक सीजी 24 वी 8883 को ओवरटेक करते समय हाईवा की चपेट में आ गया। इससे उसके सिर, छाती, पेट व हाथों में जबरदस्त चोट लगी और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच विवेचना में लिया गया है।

**ब्रेकर पर उछलकर चक्के के नीचे चला गया-** नगर के कई स्थानों पर माहभर पूर्व ब्रेकर बनाए गए हैं। बाइक चालक जल्दबाजी के चलते ब्रेकर को भांप नहीं पाया और ब्रेकर से उचककर सीधे हाईवा के चक्के के नीचे चला गया। बताया जा रहा है कि हाईवे अपनी दिशा में सीधे जा रहा था। लोगों का कहना है कि ब्रेकर पर कोई संकेतक भी नहीं है, जिससे वाहन चालकों को यह दूर से नजर नहीं आता।

# ग्राम मनौद में चुम्मन बने सरपंच रैली निकालकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाक के ग्राम पंचायत मनौद में युवा प्रत्याशी चुम्मन लाल सोनकर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 134 वोट से मात दी।

ग्राम पंचायत मनौद चुनाव में सरपंच पद के लिए कुल दो प्रत्याशी चुम्मन लाल सोनकर व देवेन्द्र कुमार साहू मैदान में थे। चुम्मन लाल सोनकर को 633 वोट प्राप्त हुए तथा दूसरे प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार साहू को 499 वोट मिले। , जिसमे से पहले प्रत्याशी चुम्मन लाल सोनकर 134 वोट से विजयी हुए। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद मतगणना स्थल पर ही लोगों ने फूलमाला पहनाकर और गुलाल लगाकर उनका स्वागत। वहीं, उन्होंने बाजे गाजे के साथ ग्राम का भ्रमण कर मतदाताओं का आभार जताया। नवनिर्वाचित 33 वर्षीय युवा सरपंच चुम्मन लाल सोनकर ने कहा कि वे विकास का वादा करके इस ग्राम पंचायत का चुनाव जीते हैं और वे अपना हर वादा निभाएंगे।



# पलारी स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर होगी विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पलारी के ऐतिहासिक पुरातात्विक ओंकारेश्वर शिव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।मंदिर के पुजारी पंडित अमित सरस भारती झा ने बताया कि 26 फरवरी को सुबह 4 बजे महामृत्युंजय मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, फिर महाआरती होगी। दोपहर 12 से 3 बजे तक स्वरांजलि मानस जगराता कार्यक्रम ग्राम गातापार की प्रस्तुति होगी। 27 फरवरी को पुनः सुबह 5 बजे से हवन पूजन महाआरती होगी। प्रातः 10 बजे से शनि शांति, नवग्रह बाधा, काल सर्प दोष निवारण, पितृ दोष, मंगल दोष निवारण के लिए शांति यज्ञ पूजा होगी। दोपहर 12 बजे से महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति शुरू होगी। शाम 4 बजे से सांई कृपा छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक रिकार्डिंग डांस संस्था ग्राम चारभांठा की प्रस्तुति व रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक पुराणिक साहू कृत लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम लहर गंगा की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि पलारी में 13वीं-14वीं शताब्दी का नागवंशी राजाओं के शासन काल में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर है, जो 16 स्तंभों पर टिका हुआ है। भीतर गर्भगृह में शिव लिंग स्थापित है, जहाँ दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। अन्य प्रदेश से भी लोग ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग 300 मनोकामना महामृत्युंजय ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी।



### मानकी बने जनपद सदस्य, निकाली आभार रैली

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम जुन्नापानी में विगत दिवस हुए चुनाव में जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अंतर्गत क्षेत्र क्र. 21 रेंगाडबरी से भाजपा समर्थित मानकी पटोडी ने जीत हासिल की है। जीत हासिल करने के बाद उन्होंने आभार रैली निकाली, जिसमें मानकी पडोटी के ग्रामीण गुलाल लगाकर डीजे की धुन पर जमकर थिरके। उन्होंने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य एवं उनके सुपुत्र भाजपा नेता निरंजन पडोटी को फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता नोमेश वैष्णव, ओमप्रकाश यादव, कौशल दास मानिकपुरी, दिलीप देशमुख, प्यारेलाल देशमुख, आकाश यादव, ओटम बघेल, भीखम बघेल, सेवाराम हिरवानी, रामसुख देशमुख, दुमन नेताम, जयेश जैन, संतोष गुप्ता, सेवादास मानिकपुरी, उमा हिरवानी, जया सार्वा, लोमेश्वरी खांडेकर सहित नव निर्वाचित पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

## खाता खुलवाने के नाम पर बीस लाख की ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रोप ट्रेड एकाउंट में खाता खुलवाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि वार्ड 19 कैम्प-1 वृंदा नगर निवासी टी.राजेश्वर राव ने शिकायत किया था कि मेरेडडी पल्ली रोड़ 1 नये बस स्टाप के पास आंध्रप्रदेश गोरान्तला अनंतपुर निवासी एम हर्षवर्धन रेड्डी ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम का झांसा देकर प्रोप ट्रेड एकाउंट में खुलवाने के नाम पर अलग अलग किस्तों 20 लाख रुपए पीड़ित से लिया। जब पीड़ित ने आरोपी से रकम वापस मांगने पर टाल मटोल करने लगा। उसके बाद आरोपी का मोबाईल बंद हो गया। वैशाली नगर प्रभारी अमित कुमार अंदानी ने टीम के साथ आरोपी की खोजबीन में लग गई। आरोपी के तिरूपुर जेल तामिलनाडु में अन्य मामले में निरूद्ध होने और आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा जमानत के लिए हाईकोर्ट में आवेदन लगाने की सूचना मिली। आरोपी को जमानत मिलने की पूर्ण संभावना को देखते हुये न्यायालय पायल टोपनो प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन जारी किया।

## कुसुमकसा जनपद क्षेत्र से मंजू बैस ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**कुसुमकसा।** बालोद जिले में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चुनाव में कुसुमकसा जनपद क्षेत्र से सर्वाधिक मतों से जीतने वाली जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस रहीं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 1651 मतों के बड़े अंतर से परास्त कर अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कुसुमकसा क्षेत्र क्रमांक 4 में इतने बड़े अंतर से जीतने वाली पहली जनपद सदस्य मंजू बैंस को ये गौरव प्राप्त हुआ है। संजय मंजू बैंस की जीत के बाद विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें जमकर आतिशबाजी की गई। वहीं,मंजू बैंस ने इस जीत को अपने जनपद क्षेत्र के सभी मतदाताओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने अपना आशीर्वाद दिया, उस विश्वास को अपना आशीर्वाद मानकर सदैव क्षेत्र की सेवा में समर्पित रहूंगी।








# बघेरा में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन कथावाचक ने सुनाई राम-सीता विवाह की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| 0000

**राम-सीता विवाह प्रसंग की सुंदर कथावाचन में रम गए श्रोता**





बघेरा दुर्ग के वार्ड क्रमांक 56 सांई नगर में नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा चल रहे हैं, संत श्री निरंजन महाराज जी लिमतरा आश्रम के मार्गदर्शन से कथा व्यास श्रध्देय आचार्य स्वामी श्री परमेश्वर महाराज जी लिमतरा वाले ने राम कथा में बता रहे हैं।

राम-सीता विवाह प्रसंग

कथावाचन के दौरान महाराज जी ने बताया कि बड़े-बड़े बलशाली जब शिव धनुष हिला तक नहीं सके। तब निराश राजा जनक के वचनों पर लक्ष्मण क्रोधित होकर श्रीराम के पराक्रम का वर्णन करते हैं और विश्वामित्र के संकेत पर श्रीराम धनुष को सहजता से उठाकर तोड़ देते हैं। इस घटना से क्रोधित होकर परशुराम आते हैं और धनुष तोड़ने वाले की हत्या करने की धमकी देते हैं। लक्ष्मण के आवेशपूर्ण शब्दों और राम के शांत स्वभाव से प्रभावित होकर परशुराम अपना सारंग धनुष राम को देते हैं। राम द्वारा उस धनुष पर भी सहजता से प्रत्यंचा चढ़ा लेने पर परशुराम उन्हें ईश्वर का अवतार मानकर तप करने के लिए प्रस्थान करते हैं। अंत में राम-सीता का विधिवत विवाह संपन्न होता है।

राम कथा में आयोजक मार्तण्ड सिंह ,राजेश्वरी राजपूत ,मेघा सिंह राजपूत,सौरभ प्रताप सिंह राजपूत, विक्की राजपूत सहित नगर वासी कथावाचन आनंद उठा रहे हैं।





